रयत शिक्षण संस्था, सातारा.

कक्षा - ७ वी | **प्रथम सत्र परीक्षा 2022 - 23** | अंक - ५०

समय - २.३० घंटे | **विषय - हिंदी** | पेजेस - ४

**सूचना -** 1) सूचना के अनुसार गद्य, पद्य, पूरकपठन, भाषा अध्ययन ( व्याकरण ) की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है।

2) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग कीजिए।

3) रचना विभाग में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं है।

4) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्च लेखन अपेक्षित है।

**विभाग : १ गद्य**

**१. अ) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।** ६

दादी माँ ने समझाया। फिर से एकता का पाठ पढ़ाया वह बोली, ''एकता पंछियों की ही नहीं, औरों में भी होनी चाहिए वही। यह बात सदैव ध्यान में रखते, एक और एक ग्यारह होते। किसी तरह की तुम झिझक न करो। चिंकी से तनिक याचना करो। वह तुम्हें बंधन से बचाएगी। जाल काट बाहर ले आएगी।'' टीनू-मीनू ने कहा, ''हम आजाद हो रहे, अहा ! मौसी, चुसकू-मुसकू को बुलाओ। सब मिलकर हमें बचाओ।'' यही बात नीलू ने कही। भेद किया किसी ने नहीं। बात चिंकी के मन को भाई। दौड़ भाग झटपट आई। दादी यों बोलीं, ''मिलकर रहो हमजोली। एक रहोगे तुम सब। हार नहीं मिलेगी तब।''

१) आकृति पूर्ण कीजिए।

अ) [ ] — [हम आजाद हो रहे है बोलनेवाले] — [ ] १

ब) [ ] — [मौसी ने बुलाया] — [ ] १

२) सही या गलत लिखिए। १

अ) दादी माँ ने समझाया।

ब) बात चिंकी के मन को नहीं भाई।

३) निम्नलिखित वर्णों से सार्थक शब्द बनाकर लिखो। १

१) कएता - २) मजोहली -

४) स्वमत अभिव्यक्ति। २

''एकता के फायदे'' के बारे में अपने विचार लिखिए।

**ब) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।** ६

मेरे यहाँ लोग रोजगार की तलाश में आना कम करदें। तुम गाँववालों को सहकारिता का महत्व समझाओ। सहकारिता पर आधारित छोटे-छोटे व्यवसाय तुम अपने यहाँ शुरु करवाओ ताकी कृषि आधारित अनेक लघु उद्योग, फलोत्पादन, औषधीय वनस्पतियों की खेती पशुपालन जैसे अनेक व्यवसाय शुरु किए जा सकते हैं। अरे देहात भाई ! कितने भाग्यशाली हो कि तुम प्रदूषणमुक्त वातावरण में रहते हो। खुला-खुला परिसर न धुआँ, न वाहनों की चिलपों, हरे-भरे पेड़ ये सब चीजें तुम्हारे पास हैं। रात में तारों भरा आसमान तो सबेरे उगते सूरज के दर्शन कितनी सहजता, सरलता से हो जाते हैं। हम तो इमारतों के जंगल में बदल गए हैं। खुला आसमान बड़ा मैदान हमारे लिए कितने अनमोल एवं दुर्लभ हो गए हैं ये तुम नहीं समझ सकते। तुम्हारे तहसील और क्षेत्र के लोगों को चहिए कि वे अपने क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने के लिए अपने जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें।

१) आकृति पूर्ण कीजिए। १

गाँववालों को महत्व समझाना चाहिए - [ ]

२) [ ] — [उगते सूरज के दर्शन कितनी से हो जाते हैं] — [ ] १

३) वचन बदलो । १

अ) चीजें - [ ]

ब) रात - [ ]

४) ''परिच्छेद में आए दो विरामचिह्नों के नाम लिखो ।'' १

अ) [ ]

ब) [ ]

५) ''प्रदूषणमुक्त वातावरण'' के बारे में अपने विचार लिखिए । २

**क) निम्नलिखित परिच्छेद पढकर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।** ६

> अंततः आनंद की वह सुबह भी आ गई । वर्षों की कठिनाई दूर हुई । केवल पंद्रह दिनों में ग्रामीणों और विद्यार्थियों के सामूहिक श्रमदान से पुल बनकर तैयार हो चुका था पूरे गाँव के लिए यह अद्भुत उपलब्धि थी । सभी ने एकता, संगठन और श्रमदान का महत्व भी समझा था ।
>
> बरसात में इस बार भी नाले में पानी भरा था । पर विद्यार्थी हँसते-खेलते पुल से पाठशाला की राह जाने लगे । पुल भी विद्यार्थियों के हौसले को दाद देता, मानो मन - ही मन कह रहा था, 'जहाँ चाह, वहाँ राह ।' जुई ने अपने बड़े भाई की सहायता से पुल के उद्घाटन का वृत्तांत बनाया और संगणककी सहायता से शिक्षा निरीक्षक के सामने प्रस्तुत किया ।

१) आकृति पूर्ण कीजिए । १

[ ] — [सामूहिक श्रमदान से पुल बनकर तैयार हो चुका था] — [ ]

२) [सभी ने महत्त्व भी समझा था] — [ ] — [ ] १

३) समान अर्थ के शब्द लिखो । १

अ) सुबह - [ ]

ब) पानी - [ ]

४) एक शब्द में उत्तर लिखिए । १

अ) सामूहिक श्रमदान से क्या बनकर तैयार हो चुका था ?

ब) हँसते -खेलते पुल से पाठशाला की राह कौन जाने लगे ?

५) स्वमत अभिव्यक्ति : २

''सामूहिक श्रमदान'' के बारे में अपने विचार लिखिए ।

## विभाग २ - पद्य

2. अ) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए । ५

छेदकर काँटा किसी की उँगलियाँ,
फाड देता है किसी का वर वसन
प्यार डूबी तितलियों के पर कतर,
भौंर का है वेध देता श्याम तन ।।
फूल लेकर तितलियों को गोंद में,
भौंर को अपना अनूठा रस पिला,
निज सुगंध 'औ' निराले रंग से,
है सदा देता कली जी की खिला ।।

१) आकृति पूर्ण कीजिए । १

[ ] — काँटा छेदकर करता है यह काम — [ ]

२) [ ] — फूल की विशेषताएँ — [ ] १

३) विरुद्धार्थी शब्द लिखो । १

अ) काँटा x - [ ]    ब) प्यार x - [ ]

४) फूलों के उपयोग के बारे में लिखिए । २

ब) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए । ५

हाथ लगा बंदर के एक दिन,
टूटा-फूटा आला ।
झट बंदर ने पेड़ के नीचे,
कुरसी-मेज ला डाला ।
भालू आकर बोला- मुझको
खाँसी और जुकाम,
बंदर बोला- तुलसी पत्ते,
पीपल की जड थाम
पानी में तुम इन्हें उबालो,
सुबह - शाम को लेना,
खाँसी जबं छू-मंतर होए,
फीस तभी तुम देना ।

१) आकृति पूर्ण कीजिए । १

[ ] — बंदर ने पेड़ के नीचे डाला — [ ]

२) [ ] — भालू आकर बोला मुझको है — [ ] १

३) रिक्त स्थानों की पूर्ति करो । १

अ) हाथ लगा ........... के एक दिन टूटा-फूटा आला ।

ब) खाँसी जब छू मंतर होए ............ तभी तुम देना ।

४) प्रस्तुत पद्यांश की प्रथम चार पंक्तियों का भावार्थ लिखिए । २

## विभाग : ३ व्याकरण ७

**३. अ) निम्नलिखित शब्द के समान अर्थ के शब्द लिखो ।** १

अ) धरती :- ब) साल : -

**ब) निम्नलिखित शब्द के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए ।** १

अ) सफलता ब) दिन x

**क) निम्नलिखित शब्दों का लिंग बदलकर लिखो ।** १


अ) चाचा - ब) ससुर -

**ड) निम्नलिखित शब्दों का वचन बदलकर लिखो ।** १


अ) माला : - ब) खिड़कियाँ : -

**इ) दिए गए शब्दों को उपसर्ग और प्रत्यय लगाकर लिखो ।** १

अ)




ब)




**ई) निम्नलिखित वाक्य में से उद्देश्य और विधेय अलग करके लिखो ।** १

अ) हिमालय देश का गौरव है ।

उद्देश्य - विधेय -

**उ) निम्नलिखित वाक्य में उचित विरामचिह्न लगाकर वाक्य फिरसे लिखो ।** १

अ) लेकिन क्या एक पृथ्वी ही पर्याप्त होगा

## विभाग ४ - रचना विभाग १५

**१. अ) दिए गए मुद्दों के आधारपर कहानी लिखिए ।** ५

| |
|---|
| गाँव में मेला देखने वालों की भीड़ ---सड़क पर प्रवेश द्वार के बीचोंबीच बड़ा--सा पत्थर--पत्थर से टकराकर छोटे -- बड़ों का गिरना-- पड़ना-- बहुत देर से लड़के का देखना - - लड़के द्वारा पत्थर हटाना, उसके नीचे चिट्ठी पाना - - चिट्ठी में लिखा था ..... ? -- पुरस्कार पाना --सीख । |

**ब) निम्नलिखित गद्यखंड का हिंदी में अनुवाद कीजिए ।** ५

| |
|---|
| एक होते माकड एक होती मांजर आणि एक होता उंदीर त्या तिघांची फार गट्टी होती. एकदा त्यांनी खीर करायचे ठरवले. माकडाने पातेले आणले. उंदराने रवा आणि साखर आणली मांजराने दूध आणले, सगळ्यांनी लाकडे गोळा केली. मांजराने चूल पेटवली. खीर तयार झाली. |

**क) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर १०/१२ पंक्तियों में निबंध लिखिए ।** ५

१) मेरे गाँव का मेला २) समय का महत्व ३) मेरा पालतू जानवर